कार्यक्रम विवरणिका

परिसर में उत्तरी, पूर्वी एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों के क्षेत्रीय वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों हेतु एक्सपोज़र कार्यक्रम

(14 से 16 दिसंबर 2026)

स्थान: बर्ड, मंगलुरु

Website: www.birdmangaluru.in



बैंकर ग्रामीण विकास संस्थान (बर्ड), मंगलूरु

कृष्णा नगर रोड, बोंडेल

मंगलूरु - 575008, कर्नाटक

फोन नंबर (कार्यालय) - (0824) - 2888509, 2888506, 2888523, 2888516

E-mail: birdmngnomination@nabard.org

नाबार्ड द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम

परिसर में उत्तरी, पूर्वी एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों के क्षेत्रीय वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों हेतु एक्सपोज़र कार्यक्रम

(14 से 16 दिसंबर 2026)

परिचय:

ग्रामीण वित्तीय संस्थान (आरएफआई)किसान उत्पादक संगठन/किसान उत्पादक कंपनियों (एफपीओ/एफपीसी), स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), संयुक्त दायित्व समूहों (जेएलजी), वाटरशेड पहलों तथा जनजातीय विकास परियोजनाओं को सहयोग प्रदान करके वित्तीय समावेशन और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सहकारी बैंकों, सहकारिता विभागों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के उत्तर, पूर्व एवं उत्तर-पूर्वी भारत के अधिकारियों के लिए तैयार किया गया यह तीन दिवसीय आवासीय कार्यक्रम विकासपरक बैंकिंग तथा समूह आधारित वित्तपोषण मॉडलों के संबंध में उनकी समझ को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में सहभागियों को सफल एफपीओ/एफपीसी, वाटरशेड एवं जनजातीय विकास परियोजनाओं, एसएचजी/जेएलजी तथा क्षेत्रीय वित्तीय संस्थानों द्वारा अपनाई गई उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करने हेतु कक्षा-आधारित संवादात्मक सत्रों के साथ व्यापक क्षेत्रीय भ्रमण भी शामिल हैं। कार्यक्रम में बैंक मित्र/बैंक संवाददाता (बीएफ/बीसी) मॉडल, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित वित्तीय समावेशन, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा संचालित भुगतान प्रणालियाँ तथा बैंकों में आंतरिक नियंत्रण जैसे विषयों को भी शामिल किया गया है, जिससे सहभागियों को समावेशी एवं सतत ग्रामीण वित्त को बढ़ावा देने हेतु व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हो सके।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम	परिसर में उत्तरी, पूर्वी एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों के क्षेत्रीय वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों हेतु एक्सपोज़र कार्यक्रम
कार्यक्रम निदेशक	श्री शक्ति महापात्र, संकाय सदस्य / सहायक महाप्रबंधक श्रीमती शीला एम भंडारकर, संकाय सदस्य / उप महाप्रबंधक
अवधि	3 दिवस **(14 से 16 दिसंबर 2026)**

कार्यक्रम का स्थान	यह एक आवासीय कार्यक्रम है तथा इसका आयोजन बैंकर ग्रामीण विकास संस्थान (बर्ड), मंगलूरु, कृष्णा नगर रोड, बॉन्डेल, मंगलूरु-575008 में किया जाएगा।
प्रतिभागी प्रोफ़ाइल / लक्षित समूह	**उत्तर, पूर्व एवं उत्तर-पूर्वी भारत के सहकारी बैंकों, सहकारिता विभागों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के अधिकारी**
कार्यक्रम के उद्देश्य:	❖ क्षेत्रीय वित्तीय संस्थान (आरएफआई) की विकासपरक भूमिका के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करना। ❖ सहभागियों को सुचारु रूप से कार्यरत एफपीओ/एफपीसी, वाटरशेड/जनजातीय विकास परियोजनाओं तथा एसएचजी/जेएलजी को प्रत्यक्ष रूप से देखने एवं समझने का अवसर प्रदान करना। ❖ बैंकिंग वित्तपोषण एवं समूह आधारित वित्तपोषण की संभावनाओं के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करना। ❖ वित्तीय समावेशन के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु बैंक मित्र/बैंक संवाददाता (बीएफ/बीसी) मॉडल, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) तथा भारत में भुगतान प्रणाली के विस्तार में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की भूमिका से अवगत कराना।
प्रशिक्षण पद्धति	कक्षा व्याख्यान, कहानी कथन, भूमिका निर्वहन, व्यावहारिक अभ्यास, खेल, दृश्य चार्ट एवं प्रदर्शन।

प्रशिक्षण स्थल एवं आवास: यह कार्यक्रम पूर्णतः आवासीय है तथा बैंकर ग्रामीण विकास संस्थान (बर्ड), मंगलूरु परिसर, कृष्णा नगर रोड, बॉन्डेल, मंगलूरु - 575008 में आयोजित किया जाएगा। प्रतिभागियों को **13 दिसंबर 2026 की सायंकाल से 16 दिसंबर 2026 की सायंकाल तक परिसर में आवास की सुविधा उपलब्ध होगी। प्रतिभागियों को अपनी यात्रा की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।** इस संबंध में किसी भी प्रकार का व्यय बर्ड द्वारा वहन नहीं किया जाएगा।

कृपया ध्यान दें कि प्रतिभागियों के परिवारजन अथवा अतिथियों को प्रशिक्षण स्थल पर ठहरने की अनुमति नहीं होगी। प्रायोजक संस्थानों को सूचित किया जाता है कि वे ऐसे किसी भी प्रतिभागी को प्रशिक्षण कार्यक्रम में न भेजें, जिनके साथ परिवार का कोई सदस्य अथवा अतिथि रहने वाला हो।

चिकित्सा सुविधाएँ:

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान किसी प्रतिभागी को अस्पताल में भर्ती किए जाने की आवश्यकता पड़ने की स्थिति में, बर्ड द्वारा प्रतिभागी को सभी आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान की जाएगी। तथापि, प्रतिभागी के चिकित्सा उपचार/अस्पताल में भर्ती होने पर होने वाला व्यय संबंधित प्रायोजक बैंक/संस्था द्वारा वहन किया जाएगा। अतः बैंकों से अनुरोध है कि वे इस तथ्य का संज्ञान लें तथा गंभीर बीमारी से पीड़ित अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु प्रतिनियुक्त करने से बचें।

कोविड-19 संबंधी दिशा-निर्देश : प्रतिभागियों को भारत सरकार तथा संबंधित राज्य सरकारों द्वारा समय-समय पर जारी उपयुक्त कोविड-19 संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा।

शुल्क एवं भुगतान की विधि : यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक द्वारा प्रायोजित है। अतः प्रतिभागियों से आवास, भोजन तथा प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए **कोई सहभागिता शुल्क नहीं लिया जाएगा।** प्रतिभागियों का नामांकन भेजने वाले बैंकों/संस्थानों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले अपने प्रतिभागियों के **आने-जाने की यात्रा का व्यय** स्वयं वहन करना होगा।

नामांकन एवं पूछताछ: नामांकन यथाशीघ्र भेजने का अनुरोध है। पंजीकरण "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर किया जाएगा तथा केवल प्रथम 30 अभ्यर्थियों के नामांकन स्वीकार किए जाएँगे। **नामित प्रतिभागियों से अनुरोध है कि वे केवल अपने नामांकन की पुष्टि प्राप्त होने के पश्चात ही प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित हों।**

नामांकन की पुष्टि केवल ई-मेल के माध्यम से भेजी जाएगी। अतः नामांकन करने वाली संस्थाओं से अनुरोध है कि **प्राथमिक एवं वैकल्पिक ई-मेल पते** उपलब्ध कराएँ, ताकि संचार में किसी प्रकार की बाधा न हो।

https://forms.cloud.microsoft/r/Zw03VPjpdg सूचना: आपसे अनुरोध है कि नामित अधिकारियों का विवरण नीचे दिए गए माइक्रोसॉफ्ट फ़ॉर्म लिंक का उपयोग करके अथवा क्यूआर कोड स्कैन करके उपलब्ध कराएँ।	

सूचना: नामांकन यथाशीघ्र भेजने की सलाह दी जाती है। **11 दिसंबर 2026** के कार्यदिवस की समाप्ति के पश्चात प्राप्त नामांकन स्वीकार नहीं किए जाएँगे।

बर्ड के बारे में :

बैंकर ग्रामीण विकास संस्थान, **मंगलूरु**, एक आईएसओ 9001:2015 प्रमाणित प्रशिक्षण संस्थान है, जिसकी स्थापना नवंबर 1984 में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा वाणिज्य बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों जैसे ग्राहक संस्थानों की क्षमता निर्माण की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए की गई थी, ताकि ग्रामीण ऋण के आधार को मजबूत करके उन्हें वित्तीय रूप से मजबूत, प्रबंधकीय रूप से कुशल और संगठनात्मक रूप से जीवंत बनाया जा सके।

बर्ड मंगलूरु एक बड़े से परिसर में स्थित है, जो एक आदर्श, शांत और हरे-भरे वातावरण में शैक्षणिक गतिविधियों की सुविधा प्रदान करता है। प्रतिभागियों को वातानुकूलित कमरे का आवास प्रदान किया जाता है। परिसर में अत्याधुनिक कक्षाएँ, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, व्यायामशाला और बहु-व्यंजन खानपान सुविधा उपलब्ध है।

संकाय सदस्य पेशेवर प्रशिक्षक हैं और उन्हें कृषि, ग्रामीण विकास, ग्रामीण बैंकिंग और वित्तपोषण से संबंधित सभी विषयों में व्यापक क्षेत्र अनुभव के साथ विशेष ज्ञान है।

हालांकि बर्ड, मंगलूरु पूरे भारत में सभी हितधारकों की सेवा कर रहा है, लेकिन इसका विशेष ध्यान आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, गोवा, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना राज्य और पुडुचेरी संघ शासित प्रदेश पर है। 31 मार्च 2026 तक, लगभग 81,000 अधिकारियों को बर्ड में प्रशिक्षित किया गया है।

आगे की पूछताछ के लिए, कृपया निम्न अधिकारियों से संपर्क करें:

श्री शक्ति पी महापात्रा, एफएम/एजीएम, बर्ड, मंगलुरु (0824-2888509)

श्रीमती शीला एम भंडारकर, एफएम/डीजीएम, बर्ड, मंगलुरु (0824-2888506)

श्री प्रफुल्ल देव डी, सप्र, बर्ड, मंगलुरु (टेली. 0824-2888513)

श्री कार्तिगेयन, सप्र, बर्ड, मंगलुरु (0824-2888510)

श्री धीरज जी पी आर, प्रबन्धक, बर्ड, मंगलुरु (दूरभाष 0824-2888512)

बैंकर ग्रामीण विकास संस्थान, कृष्णा नगर रोड, बॉन्डेल, मंगलुरु - 575 008;

फ़ोन (बर्ड सुरक्षाकर्मी) - (0824) –2888537
फ़ोन (छात्रवास) - (0824) - 2888532

ई-मेल : birdmngnomination@nabard.org

वेबसाइट : https://birdmangaluru.in/

मानचित्र: बर्ड मंगलुरु पहुँचने हेतु



संस्थान एक नए बने परिसर में स्थित है जो निम्नलिखित स्थानों से निम्न दूरी पर स्थित है:

- मंगलुरु हवाई अड्डे से 7 किमी दूर;
- मंगलुरु सेंट्रल रेलवे स्टेशन से 11 किमी दूर;
- मंगलुरु जंक्शन से 13 किमी;
- केएसआरटीसी बस स्टैंड से 6 किमी।
- केएसआरटीसी बस स्टैंड/मंगलुरु सेंट्रल स्टेशन से बस नंबर 19 लेकर अंतिम स्टेशन यानी बॉन्डेल पर उतरें। बर्ड, संस्थान बॉन्डेल जंक्शन से एक किमी के भीतर है।